Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to open a medical college in Charkhi Dadri district in Bhiwani-Mahenragarh Parliamentary Constituency.

श्री धर्मवीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़): सभापति महोदय, जिस प्रकार से दो साल पहले कोविड की वजह से सारी दुनिया और हमारे देश में जो हालात थे, वे किसी से छिपे हुए नहीं हैं । लेकिन, माननीय प्रधान मंत्री जी ने जिस प्रकार से कोविड को कंट्रोल किया और एक फैसला लिया कि पूरे देश में हर डिस्ट्रिक्ट हेडक्वार्टर में एक मेडिकल कॉलेज बनाया जाए तो वह बहुत ही अच्छा फैसला है ।

मैं, आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से प्रार्थना करता हूं कि मेरे दादरी के अंदर, जो महेन्द्रगढ़-भिवानी लोक सभा क्षेत्र में पड़ता है, वह डिस्ट्रिक्ट हेडक्वार्टर है, 200 एकड़ जमीन में शहर के बीच में एक डालमिया फैक्ट्री होती थी, वह सरकार के पास है, वह पचास साल पहले बंद हो चुकी है, वहां पर एक मेडिकल कॉलेज बनाया जाए । ऐसा न हो कि श्वास से संबंधित तीसरी लहर आ जाए । इसलिए, उससे पहले हमें यह कार्य प्रारंभ कर देना चाहिए ।

इसी प्रकार से, डिस्ट्रिक्ट हेडक्वार्टर में शिक्षा से संबंधित भी एक यूनिवर्सिटी वहां पर जरूर बनाई जाए । मैं आपके माध्यम से यही प्रार्थना करता हूं ।

धन्यवाद ।